भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2016

विषयः भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम केन्द्रीय की श्रेणी में "अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता" का "इंडिया प्राइड अवार्ड" 2015-16 जीता।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), जो भारत के सतत विकास हेतु निरंतर कार्यरत संगठन है और देश भर के हवाई अड्डों पर अत्याधुनिक अवसंरचना, यात्री सुविधाएं और विमान दिक्चालन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है, ने सार्वजानिक क्षेत्र उपक्रम-केन्द्रीय की श्रेणी में "अवसंरचना विकास में उत्कृष्टता" का दैनिक भास्कर "इंडिया प्राइड अवार्ड-2015-16" जीता, जिसमें भारत के सभी प्रमुख उपक्रमों ने भाग लिया।

पुरस्कार समारोह 4 अप्रैल, 2016 को ताज होटल, मानसिंह रोड़, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि श्री एम. वैंकैया नायडू, माननीय केन्द्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री रविशंकर प्रसाद, माननीय केन्द्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा श्री राधामोहन सिंह, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री ने सम्मानित किया और बधाई दी।

पुरस्कार श्री एस. रहेजा, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने श्री एन.वैंकैया नायडू, माननीय केन्द्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री से ग्रहण किया।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 02/2016-17

श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, श्री एम. वेंकैया नायडू, माननीय केन्द्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री से ''इंडिया प्राइड अवार्ड''- 2015-16 ग्रहण करते हुए, इस अवसर पर श्री राधा मोहन सिंह, माननीय केन्द्रीय कृषि मंत्री भी उपस्थित थे ।